दिन–शुक्रवार दिनांक– 31 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 6.35 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ संसद का बजट सत्र शुरू। श्रीमती मुर्मू ने कहा– वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरकर उदाहरण पेश कर रहा है।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि बजट सत्र दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार करेगा।

03. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस पेश किया। केंद्रीय बजट कल पेश किया जाएगा।

04. और, बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू।

————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विश्वभर में अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के एक स्तंभ के रूप में दुनिया के सामने उदाहरण पेश कर रहा है। राष्ट्रपति ने यह बात आज संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख 36 हजार करोड़ रूपया खर्च किए जाने की योजना है। जनजातीय समाज के पांच करोड लोगों के लिए जनजाति ग्रामोत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रूपया का प्रावधान किया गया।

राष्ट्रपति ने कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान पांच करोड़ जनजाति लोगों के लिए शुरू किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा है कि उनकी सरकार ने

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा लाभ देने का फैसला किया है।

---बाईट---

इन्हें हर वर्ष पांच लाख रूपया तक हेल्थ कवर मिलेगा। छोटे उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा दस लाख रूपया से बढ़कर 20 लाख रूपया कर दी गई।

---------------------------------------------

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता आनंद कुमार।

---बाईट---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट सत्र से पूर्व अपने संबोधन में उम्मीद जताई कि यह बजट सभी देशवासियों के लिए कल्याणकारी होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल का यह पहला पूर्ण बजट है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में यह बजट देश को नई ऊर्जा देगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा।

---बाई---

मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे, विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, ये बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा, नई ऊर्जा देगा, कि देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा, तब विकसित होकर रहेगा। 140 करोड़ देशवासी अपने सामूहिक प्रयास से इस संकल्प को परिपूर्ण करेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में पचहत्तर वर्ष पूरे कर लिए हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

---बाई---

बजट सत्र में सभी सांसद विकसित भारत को मजबूती देने के लिए अपना योगदान देंगे, विशेषकर के जो युवा सांसद हैं, उनके लिए तो सुनहरा अवसर है। मैं आशा करता हूं कि हम देश की आशा, आकांक्षाओं के इस बजट सत्र में खरे उतरेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा है कि तीसरे कार्यकाल में सर्वांगीण विकास के संकल्प को लेकर देश मिशन मोड में आगे बढ़ता जा रहा है।

---बाईट---

---------------------------------

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 साल में नये रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लगातार गरीब और अमीर के बीच खाई को कम करने के प्रयास किया है।

---बाईट---

---------------------------------

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का ॅ बजट पेश करेंगी। आकाशवाणी से सुबह दस बजकर दस मिनट से रात दस बजे तक बजट से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

---बजट---

लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

---------------------------------

खबरें प्रयागराज महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

महाकुंभ में हुए हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग आज प्रयागराज पहुंच गया। आयोग के सदस्य संगम घाट का दौरा कर घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेंगे। बुधवार को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में हुए हादसे में 30 लोगों की जान चली गई और 60 लोग घायल हो गए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की सिफारिशों के साथ आयोग एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने भी कल महाकुंभ में संगम घाट का दौरा कर घटना क्षेत्र का निरीक्षण किया।

———बाईट———

आगामी बसंत पंचमी को होनेवाले तीसरे अमृत स्नान के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने, मेला प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वे जीरो एरर व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसके अलावा सर्वाधिक भीड़ वाले इलाके में, ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा बल के साथ मौजूद रहने को कहा गया है। वहीं बॉर्डर एरिया में पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जायेगी। अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को रोकने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अलावा कई स्तरों पर बैरिकेडिंग की जाएगी और डायवर्जन प्लान को लागू किया जाएगा। वहीं अमृत स्नान के दिन कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।

————————————————————————————

बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू हो गई है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से की। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस महोत्सव में जापान, थाईलैंड, बांग्लादेश सहित कई देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल हो रहे है।

———बाईट———

————————————————————————————

दानापुर रेलमंडल आज अपना शताब्दी समारोह मना रहा है। रेल मंडल के सौ सालों की गौरवशाली यात्रा पर आज पटना के जगजीवन स्टेडियम में शताब्दी समारोह का मनाया जा रहा है। इस मौके पर मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पूर्व–मध्य रेलव के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया की दानापुर रेल मंडल का गौरवशाली इतिहास रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की सैद्धांतिक परीक्षा कल से शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन पन्द्रह फरवरी तक दो पालियों में होगा। समिति ने कहा है कि परीक्षा में बारह लाख बानवे हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए एक हजार छह सौ सतहत्तर केन्द्र बनाये गये हैं। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्ष केन्द्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों के दो सौ मीटर के दायरे में धारा एक सौ चौवालीस प्रभावी रहेगा। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। इधर, आज सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका और पूसा राज्य के सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानि ने बताया कि सुबह के समय हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान जताया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग—बीपीएससी सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा मामले में आज पटना हाई कोर्ट में सुनवाई होनी थी। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश अरविंद सिंह चंदेल की खंडपीठ में होने वाली थी, लेकिन पीठ के उपस्थित न होने के कारण इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी है।

———————————————————————————

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ संसद का बजट सत्र शुरू। श्रीमती मुर्मू ने कहा– वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरकर उदाहरण पेश कर रहा है।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि बजट सत्र– दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार करेगा।

03. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस पेश किया। केंद्रीय बजट कल पेश किया जाएगा।

04. और, बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू।

———————————————————

समाप्त